आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2026 / 09:20बजे

आज के मुख्य समाचार

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में आज एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में डाले जा रहे हैं वोट–मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से जारी।

- राज्य में 28 मई को दूसरे चरण में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए आज दोपहर बाद तीन बजे थमेगा खुले में प्रचार–उम्मीदवार केवल व्यक्तिगत रूप से ही कर सकेंगे जनसंपर्क।

- डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी से परिवहन लागत बढ़ने के चलते मिल्कफेड ने दूध के दामों में की दो रूपए प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी।

- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाली प्रदेश की सबसे लंबे रूट वाली एचआरटीसी की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा आज से शुरू।

- आईपीएल क्रिकेट में क्वालिफायर वन मुकाबले में आज धर्मशाला में आमने–सामने होंगे रॉयल चैंलजर्स बैंगलुरू और गुजरात टाइटंस।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के लिए आज सुबह 7 बजे शांतिपूर्ण तरीके से मतदान शुरू हो गया है। पहले चरण के तहत प्रदेश की एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। मतदान दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी और शाम तक इनके नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन अधिकारी संजीव महाजन ने बताया कि मतदान कार्य को पूर्ण रूप से संपन्न करवाने के लिए 8 हजार 1 सौ 98 मतदान दल कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के उददे्श्य से मत पेटियों में स्कैनर की सुविधा शुरू की है जो मतों की गणना तक निगरानी में सहायक सिद्ध होगी।

इस बीच 28 मई को दूसरे चरण के लिए होने वाले मतदान को लेकर आज शाम 3 बजे खुले में प्रचार बंद हो जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार केवल अब व्यक्तिगत रूप से ही जनसंपर्क कर सकेंगे। जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन अधिकारी संजीव महाजन ने कहा है कि प्रदेश में कुल 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों के लिए तीन चरणों में वोट डाले जा रहे हैं। पहले चरण में आज मतदान हो रहा है जबकि दूसरे चरण के तहत एक हजार 2 सौ 74 पंचायतों में 28 मई को वोट डाले जाएंगे। जबकि तीसरे और अंतिम चरण में एक हजार एक सौ 87 पंचायतों में चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इस बार प्रदेश में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं जिनमें 3 हजार 5 सौ 54 मतदान केंद्र संवेदनशील जबकि एक हजार 5 सौ 85 मतदान केंद्र अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं।

जनगणना

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी लोगों से जनगणना कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है। जनगणना निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट की और उन्हें जनगणना 2027 के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि लोगों को इस बार स्व–गणना का विकल्प भी दिया गया है और पहली से 15 जून तक स्व–गणना पोर्टल पर जानकारी दर्ज करवाई जा सकती है। प्रदेश में जनगणना का पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई के बीच करवाया जाएगा।

मिल्कफेड

डीजल के दामों में बढ़ौतरी से परिवहन लागत बढ़ गई है जिसके चलते राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ यानी मिल्कफेड ने दूध के दामों में 2 रूपए प्रति लीटर बढ़ोत्तरी की है। बढ़ोतरी के बाद मिल्कफेड का खुला दूध 51 से बढ़कर 53 रुपये और पैकेट बंद दूध 55 से बढ़कर 57 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मिल्कफेड ने पिछले साल नवंबर में दूध के दाम 3 से 4 रुपये तक घटाए थे। मिल्कफेड हिमाचल में सबसे बड़ा सरकारी दुग्ध उत्पादक संघ है। रोजाना हजारों लीटर दूध की सप्लाई मिल्कफेड के जरिए होती है। दाम बढ़ने से अब दूध से बनने वाले सभी उत्पाद भी महंगे होने हो सकते हैं।

बस सेवा

हिमाचल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाले सबसे लंबे रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा आज से एक बार फिर शुरू हो गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक केलंग अंशित शर्मा ने कहा 990 किलोमीटर लंबा ये रूट स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों के लिए भी आकर्षण

का केंद्र रहती है। ये बस लाहौल स्पीति के प्रमुख पर्यटन स्थलों जिस्पा, दारचा, बारालाचा और सरचू से होती हुई लेह तक पहुंचेगी।

शिमला पुलिस

नशा तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के अभियान में शिमला पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में तीन तस्करों को गिरफतार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने जानकारी देते हुए बताया कि बैकवर्ड लीकेंज के आधार पर पंजाब के तरन तारण, मोगा और हरिणाणा के अंबाला से 3 मुख्य सरगना को गिरफतार किया गया है। ए एस पी ने बताया कि शिमला पुलिस ने इस साल अब तक नशा तस्करी के अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 32 नेटवर्क को ध्वस्त किया है जिसमें एन डी पी एस एक्ट के तहत 134 मामले दर्ज हुए और 286 आरोपियों को गिरफतार किया गया है।

आईपीएल प्ले ऑफ

आईपीएल क्रिकेट में क्वालीफायर–वन मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना आज गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच शाम साढ़े सात बजे से एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में खेला जाएगा। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे आईपीएल–2026 के फाइनल में पहुंचेगी जबकि हारने वाली टीम को क्वालीफायर–टू में एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स पर जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी। टीम ने 14 मैचों में 18 अंक हासिल कर बेहतर रन रेट के आधार पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। आईपीएल के इस मैच को लेकर एचपीसीए ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह भी देखा जा रहा है।

अलर्ट

भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के साथ ही आने वाले दिनों में लू की संभावना को देखते हुए मंडी जिला प्रशासन ने सभी विभागों को सतर्क रहते हुए जरूरी तैयारियां पूरी करने के दिशा निर्देश दिए हैं। इन विभागों में मुख्यतः स्वास्थ्य, स्कूल, कृषि व वन विभाग शामिल है।

*जिला दंडाधिकारी अपूर्व देवगन ने बताया कि सुंदरनगर में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है जबकि मंडी शहर समेत बल्ह, सरकाघाट और धर्मपुर के इलाकों में भी गर्म हवाओं का असर तेज़ी से महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में लू और कम बारिश की चेतावनी दी है। प्रशासन ने सभी विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से निपटने की तैयारियां तेज़ कर दी गई हैंए स्कूलों में बच्चों के लिए ठंडे पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही हैए वहीं सार्वजनिक स्थानोंए बस स्टैंड और बाज़ारों में पेयजल सुविधाएं शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। वन विभाग को जंगलों में आग की घटनाओं पर नजर रखने और कृषि विभाग को किसानों को फसलों को गर्मी से बचाने के उपाय बताने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि दोपहर के समय सीधी धूप से बचेंए ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।*

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकतर अखबारों ने पंचायत चुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण की सुर्खी है एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों को आज मिलेंगे प्रतिनिधि। अमर उजाला ने शीर्षक दिया है हिमाचल में एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में चुनाव आज–16 लाख मतदाता चुनेंगे गांव की सरकार।

दिव्य हिमाचल बतौर मुख्यमंत्री लिखता है देश में सर्वश्रेष्ठ बनेंगे हिमाचल के स्कूल।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है सर्दियों के लिए बिजली बोर्ड ने खरीदी एडवांस बिजली।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के पहले चरण के चुनाव में आज एक हजार 2 सौ 93 पंचायतों में डाले जा रहे हैं वोट–मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से जारी।

- राज्य में 28 मई को दूसरे चरण में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए आज दोपहर बाद तीन बजे थमेगा खुले में प्रचार–उम्मीदवार केवल व्यक्तिगत रूप से ही कर सकेंगे जनसंपर्क।

- डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी से परिवहन लागत बढ़ने के चलते मिल्कफेड ने दूध के दामों में की दो रूपए प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी।

- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को जोड़ने वाली प्रदेश की सबसे लंबे रूट वाली एचआरटीसी की दिल्ली–केलंग–लेह बस सेवा आज से शुरू।

- आईपीएल क्रिकेट में क्वालिफायर वन मुकाबले में आज धर्मशाला में आमने–सामने होंगे रॉयल चैंलजर्स बैंगलुरू और  गुजरात टाइटंस।